241. **किसकी बहादुरी के कृत्य 'बीठू मेहा के रावले' में उल्लेखित हैं?**
(a) गोगाजी (b) रामदेवजी
(c) तेजाजी (d) हड़बूजी
RPSC-2018

Ans. (a) : गोगाजी के बहादुरी के कार्यों का वर्णन 'बीठू मेहा के रावले' में किया गया हैं गोगाजी को एक भगवान के रूप में पूजा जाता है। ये सांप से रक्षा करते हैं। गोगाजी का मंदिर खेजड़ी के पेड़ के नीचे बनाया गया है।

242. **निम्नलिखित राजस्थान के किलों में से कौन सा किला 'यूनेस्को' की विश्व धरोहर सूची में शामिल है?**
(a) तारागढ़ (बूँदी) (b) जयगढ़
(c) जूनागढ़ (d) आमेर का किला
RPSC-2018

Ans. (d) : आमेर का किला कछवाहा वंश के गौरव और विरासत को प्रदर्शित करता है। इस स्मारक की शानदार वास्तुकला आज तक अद्वितीय है। इसे यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस दुर्ग का निर्माण मान सिंह प्रथम के समय में हुआ।

243. **सुन्दर सिंह गुर्जर का सम्बन्ध किस प्रतिस्पर्धा से है?**
(a) जैवेलियन थ्रो (b) निशानेबाजी
(c) तीरंदाजी (d) कुश्ती
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (a) : पैरा एथलीट सुन्दर सिंह गुर्जर का सम्बन्ध जैवेलियन थ्रो (भालाफेंक) से है। इन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2017 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। सुन्दर सिंह गुर्जर राजस्थान के करौली जिले के निवासी हैं।

244. **मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 'भामाशाह टेक्नो हब' का उद्घाटन (17 दिसम्बर, 2018) कहाँ किया?**
(a) उदयपुर (b) झुन्झुनूँ
(c) जोधपुर (d) जयपुर
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (d) : राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 'भामाशाह टेक्नो हब' का उद्घाटन 17 दिसम्बर, 2018 को राजधानी जयपुर में किया। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा टेक्नो हब है। इसमें 700 उद्यमियों को एक छत के नीचे काम करने की सुविधा मिलेगीं।

245. **वैज्ञानिकों को किस जिले से 4.7 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म हाल ही में प्राप्त हुए हैं?**
(a) उदयपुर (b) जालौर
(c) सिरोही (d) जैसलमेर
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (d) : राजस्थान के जैसलमेर जिले में 4.7 करोड़ वर्ष पुराने इओसिन युग के व्हेल, शार्क के दाँत, मगरमच्छ के दांत और कछुए की हड्डियों जैसे कशेरूकी जीवों के जीवाश्म प्राप्त हुए हैं।

246. **''रूठी रानी'' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?**
(a) उमादे (b) रूपादे
(c) हंसा बाई (d) जोधा बाई
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (a) : ''रानी उमादे भटियाजी'' को रूठी रानी के नाम से जाना जाता है। वे जैसलमेर के राजा लूणकरण की पुत्री और जोधपुर के राजा राव मालदेव राठौर की पत्नी थी। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश दिन अजमेर के तारागढ़ में बिताया था।

247. **अकबर के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ आक्रमण (1567-68 ई.) के समय कौन से लोक देवता युद्ध करते हुए मारे गये?**
(a) वीर फत्ता जी (b) वीर बिग्गा जी
(c) वीर मल्लीनाथ जी (d) वीर कल्ला जी
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (d) : अकबर के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ आक्रमण (1567-68 ई.) के समय लोक देवता ''वीर कल्ला जी'' 23 फरवरी 1568 को युद्ध करते हुए मारे गये। लोक देवता वीर कल्ला जी को बालब्रह्मचारी, योगी, कलायन, चार हाथों वाले भगवान आदि नामों से भी जाना जाता है।

248. **रामसर (अजमेर) में स्थित 'बकरी विकास एवं चारा उत्पादन परियोजना' हेतु वित्तीय सहयोग किस देश से प्राप्त हुआ है?**
(a) फ्रांस (b) स्वीडन
(c) डेनमार्क (d) स्विट्जरलैण्ड
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : रामसर (अजमेर) में स्थित 'बकरी विकास एवं चारा उत्पादन परियोजना' हेतु वित्तीय सहयोग स्विट्जरलैण्ड से प्राप्त हुआ है। इसे राज्य सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है।

249. **निम्नांकित में से किस समिति की अनुशंसा के आधार पर एस. आई. ई. आर. टी. उदयपुर की स्थापना की गई थी?**
(a) वर्मा समिति (b) यशपाल समिति
(c) मेहरोत्रा समिति (d) पालीवाल समिति
RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018

Ans. (c) : राजस्थान राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (SIERT) उदयपुर की स्थापना नवम्बर, 1978 ई. में मेहरोत्रा समिति की सिफारिश पर की गई थी। यह राजस्थान में विद्यालय, अध्यापक शिक्षा के योजना निर्माण, क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन का सर्वोच्च संस्थान है।

250. **'स्वस्थ बेटी' अभियान जनवरी 2022 में किस जिले से प्रारम्भ किया गया?**
(a) अजमेर (b) भरतपुर
(c) भीलवाड़ा (d) अलवर
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : 24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शंकुतला रावत ने अलवर जिले के बानसूर में 'स्वस्थ बेटी अभियान' की शुरूआत की थी। इस अवसर पर अस्पताल में नवजात बालिका शिशुओं को न्यू बेबी बोर्न किट और जनजागरूकता अभियान के पालन में मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया गया।